आईडीए ने योजना 136 में सीएमआर 4 का दिया ठेका

▶ 82.86 लाख करोड़ में बनेगी 17 मंजिल इमारत

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए की योजना 136 में सीएमआर 4 पर बहुमंजिला इमारत बनाने का ठेका दे दिया है. उक्त इमारत का निर्माण 1 लाख वर्गफुट के प्लॉट पर होगा.

30-30 फ्लैट के 3, 4 और 5 बेड रूम के फ्लैट बनेंगे. खास बात यह है कि उक्त बिल्डिंग का निर्माण 3 साल में पूरा होगा. आईडीए ने योजना 136 में प्रीमियम फ्लैट बनाने एक प्रस्ताव को मूर्त रूप दे दिया है. योजना 136 में हार श्रृंगार बहुमंजिला इमारत के पास 1 हैक्टेयर से ज्यादा जमीन पर 3, 4 और 5 बेडरूम के फ्लैट बनाने की निविदा मंजूर कर वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है. उक्त प्रीमियम फ्लैट योजना 136 के सीएमआर 4 प्लाट पर बनाए जाएंगे. फ्लैट बनाने का ठेका हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर अरुण जैन को 82.86 लाख एमडी दिया है. आईडीए ने पूरे प्रोजेक्ट की लागत 120 करोड़ रुपए तय की है, जिसमें कंसल्टेंट, रेरा रजिस्ट्रेशन और निगम अनुमति सहित अन्य तरह के खर्च शामिल है. प्रीमियम फ्लैट बनाने के लिए आईडीए बोर्ड ने 103 करोड़ रुपए अनुमानित लागत तय की थी. टेंडर में सबसे कम दर हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर की है. आईडीए ने उक्त बहुमंजिला इमारत का वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया है. अगले तीन साल में बिल्डिंग निर्माण पूरा होगा.

सीएमआर 4 बिल्डिंग निर्माण की महत्वपूर्ण जानकारी

- निर्माण लागत 82.86 करोड़ रुपए प्लस जीएसटी।
- 17 मंजिल और दो अंडर ग्राउंड पार्किंग,
- निर्माता कंपनी हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर
- प्लॉट साइज 1 लाख वर्गफुट का प्लॉट,
- योजना 136 में दो ब्लॉक ए और बी
- 30-30 फ्लैट 3,4 और 5 बेडरूम होंगे।
- निर्माण 3 साल में पूरा होगा
- फ्लैट कीमत अभी तय नहीं.

सड़क दुर्घटना पर एनएचएआई होगा जिम्मेदार : सिलावट

▶ मंत्री ने अर्जुन बरोदा बायपास सड़क का किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. रविवार को प्रदेश के जलसंसाधन मंत्री ने बायपास पर अर्जुन बरोदा में निर्माणाधीन फ्लाय ओवर ब्रिज और सड़क का निरीक्षण किया. मंत्री ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्रिज और सड़क निर्माण तेजी लाए। साथ ही सर्विस रोड की विद्युत लाईटें चालू करें.

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने आज एनएचएआई अधिकारियों पर नाराजगी जताई. मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सर्विस रोड़ निर्माण के दौरान दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही है, इससे जनहानि होती है। ऐसी व्यवस्थाएं करें, जिससे दुर्घटनाएं न हो. किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर एनएचएआई जिम्मेदार होगा. मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बायपास पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज और सर्विस रोड़ के कार्य में गति लाकर कार्य जल्दी पूरा करें.निरीक्षण के दौरान सहायक प्रोजेक्ट ऑफिसर राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि वाजपेई, हुकुम पटेल,माखन पटेल, थाना प्रभारी कैलाश सिंह सहित क्षेत्रीय प्रतिनिधि मौजूद थे.

एक नजर में

इंदौर टीम ने जीती संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता

इंदौर. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ. इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग की 6 टीमों ने भाग लिया था. शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए इंदौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि धार जिले की टीम उपविजेता रही. मुख्य अतिथि डॉ. सुधीरा चंदेल, निदेशक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज खेल केवल बौद्धिक क्षमता का नहीं, बल्कि धैर्य और मानसिक संतुलन का भी प्रतीक है. उन्होंने प्रतिभागियों को अपने जीवन में इस खेल को नियमित रूप से अपनाने की प्रेरणा दी. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कहा कि शतरंज से न केवल निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है, बल्कि यह छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वासी बनाता है. उन्होंने विजेता टीम को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की. प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और रणनीतिक सोच का परिचय दिया. मंच संचालन एवं आभार संयोजक एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राघव जैसवाल ने किया. इस अवसर पर सिलेक्शन कमिटी के अध्यक्ष डॉ. एसके यादव, कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा पैठणकर, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा कटियाल, प्रशासकीय अधिकारी कल्पेश भट्ट, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं प्रतिभागी छात्र उपस्थित रहे.

ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी में गार्डन निर्माण का भूमिपूजन

इंदौर. ग्रेटर तिरुपति रहवासी संघ को यह बताते हुए हर्ष है कि कॉलोनी के गार्डन का नवनिर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है. लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस गार्डन का भूमि पूजन समारोह विधायक महेन्द्र हार्डिया एवं पार्षद विजयलक्ष्मी गोहर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे. इस अवसर पर विधायक हार्डिया ने संघ के अध्यक्ष संजय जैन को कॉलोनी के निरंतर विकास के लिए पूर्ण सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया.

क्विज़िंग चैलेंज की इंदौर सिटी क्वालिफायर सम्पन्न

इंदौर. इंटर सिटी क्विज़िंग चैलेंज 2025 का इंदौर सिटी क्वालिफायर, क्विज़र्स' क्लब, एनआईटी भोपाल द्वारा आयोजित किया गया. यह आयोजन डेली कॉलेज में हुआ. कार्यक्रम में 20 स्कूलों की 20 टीमों ने भाग लिया, जबकि करीब 150 दर्शकों की उपस्थिति ने पूरे माहौल को ऊर्जावान और उत्साहपूर्ण बना दिया. कई रोचक और चुनौतीपूर्ण राउंड्स के बाद, चोईथराम स्कूल विजेता बना, जबकि सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल उपविजेता रहा. दोनों टीमों ने शानदार ज्ञान, टीमवर्क और रणनीति का प्रदर्शन किया. विजेता टीम अब भोपाल में होने वाले आईक्यूसी फिनाले में पूरे राज्य की सर्वश्रेष्ठ टीमों से मुकाबला करेगी. क्विज़र्स' क्लब, एनआईटी भोपाल ने केंद्रीय बैंक ऑफ़ इंडिया और एमपी टूरिज़्म का प्रायोजन के आभार व्यक्ति किया.

संत सदन का भूमिपूजन व शिलान्यास समारोह

इंदौर. दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट संगम नगर के तत्वावधान में संत सदन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि संत सदन के मुख्य शिलान्यास कर्ता थे भरत - कुसुम मोदी परिवार. सहयोगी थे संजय पाटोदी परिवार. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे राजकुमार पाटोदी, एमके जैन, नरेंद्र वेद, डॉ. आनंद जैन, तेज कुमार गंगवाल, पार्षद पराग कौशल, राजेश गंगवाल, शेखर छाबड़ा, हंसमुख गांधी जयदीप जैन, अशोक चौधरी, शरद सेठी, वरि.एडवोकेट अशोक सेठी. सतीश जैन ने बताया कि प्रात: महावीर जिनालय से शोभायात्रा स्वर्ण सौभाग्यवती प्रवीणा सचिन भाई एवं चैताली संभव गंगवाल परिवार की अगुवाई में निकाली गई, जो संत सदन स्थल तक पहुंची. वहां श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा पूजन के पश्चात भूमि शुद्धि हेतु जाप अनुष्ठान किया गया. संपूर्ण धार्मिक क्रियाएं विधि विधान से बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया जी द्वारा संपन्न कराई गई. प्रथम शिला स्वर्ण सौभाग्यवती परिवारों के साथ ही भरत कुसुम मोदी परिवार के द्वारा रखी गई। आज कुल 121 स्वर्ण, रजत ताम्र, पंचरत्न आदि शिलाएं श्रावकों द्वारा रखी गई. अध्यक्षीय भाषण समाज के अध्यक्ष अजय जैन ने दिया. इस अवसर पर कमलेश सिंघई, अमित जैन, पारस जैन, सुबोध कासलीवाल, पीयूष चौधरी सही बहुत अधिक संख्या में समाज जन उपस्थित थे. संचालन सतीश जैन एवं नीलम कासलीवाल ने किया. आभार माना समाज के कोषाध्यक्ष मनोज जैन ने.

निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें

▶ निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

▶ प्रधानमंत्री आवास योजना में बने आवासों का निरीक्षण किया

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज आयुक्त प्रधानमंत्री योजना में राऊ रंगवासा में ताप्ती परिसर का दौरा किया. इस दौरान रहवासियों से समस्या और शिकायत पर चर्चा कफ अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए. साथ ही निर्माणाधीन आवासों को तय समय सीमा में पूरा करने के आदेश भी निर्माता कंपनी के प्रतिनिधि को दिए.

नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज पीएम आवास योजना के तहत ताप्ती परिसर में निरीक्षण किया. इस दौरान आयुक्त ने निर्माण से संबंधित एवं आवासों आवंटन एवं पजेशन की जानकारी ली. साथ ही निर्माणाधीन आवास की क्वालिटी को जांचा तथा रहवासियों से सफाई,पानी,सीवरेज आदि के संबंध मे पूछताछ की. आयुक्त ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना चरण 1.0 के तहत निर्मित आवासीय ब्लॉकों के निरीक्षण में निर्माण गुणवत्ता, मूलभूत सुविधाओं जलापूर्ति, विद्युत, सड़क, स्वच्छता की आवंटित लाभार्थियों से जानकारी ली. परिसर में अन्य सुविधाओं जैसे एसटीपी,संजीवनी क्लिनिक, कचरा संग्रहण, बगीचे को लेकर भी चर्चा की. आयुक्त यादव ने निरीक्षण के दौरान परिसर में रहवासियों द्वारा समस्याओं और शिकायत करने के बाद अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए. ताप्ती परिसर में निर्माणाधीन इकाइयों का निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अर्थ जैन, अभय राजनगांवकर एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे.

सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी करें

आयुक्त को रहवासियों एवं महिलाओं ने बताया कि कैंपस में आकर कुछ लोग अनावश्यक परेशान और दुर्व्यवहार करते हैं. शिकायत पर आयुक्त ने परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर वॉच करने के निर्देश दिए. रहवासियों से कहा कि असामाजिक तत्वों को पहचान कर उनकी जानकारी निगम प्रशासन को दें. निगम पुलिस प्रशासन से बात करके कार्रवाई कराएगा.

संपत्तिकर कम करने के मामले में आयुक्त ने किया निलंबित

▶ निगम को लगाया एक करोड़ 37 लाख रुपए से ज्यादा का चूना

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज एआरओ को राजस्व राशि में नुकसान करने के मामले में निलंबित कर दिया. निलंबन अवधि में एआरओ को ट्रेंचिग ग्राउंड पदस्थ करने के निर्देश दिए है. एआरओ ने शहर के प्रतिष्ठित स्कूल का क्षेत्रफल और टैक्स दोनों कम कर निगम को राजस्व हानि पहुंचाई.

नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज हेडक्वार्टर में पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारी अरविंद नायक को सस्पेंड कर दिया. नायक ने शहर के डी प्रतिष्ठित अग्रवाल पब्लिक स्कूल का क्षेत्रफल और टैक्स दोनों कम कर 1 करोड़ 37 लाख रुपए से ज्यादा की हानि पहुंचाई. नायक ने यह काम राजस्व निरीक्षक की आईडी से किया था और वरिष्ठ अधिकारी से मंजूरी भी नहीं ली. ऐसे मामलों में अपर आयुक्त राजस्व की अनुमति अनिवार्य है. दरअसल मामला यह है कि प्रदेश के सबसे अमीर विनोद अग्रवाल के भाई पुरषोत्तम अग्रवाल का अग्रवाल पब्लिक स्कूल है. उक्त स्कूल का संपत्तिकर कुल 3 करोड़ 19 लाख 79 हजार 600 सौ रुपए बन रहा है. नायक ने उक्त स्कूल का क्षेत्रफल और टैक्स दोनों कम कर 1 करोड़ 82 लाख 88 हजार के करीब बना दिया. इस तरह टैक्स गणना में 1 करोड़ 37 लाख रुपए कम किए गए. उक्त मामले की जांच होने के बाद आयुक्त यादव ने कारवाई की है.

ध्यान रहे कि निगम के राजस्व विभाग में पहले भी ईओडब्ल्यू ने रिश्वत लेते पकड़ा था. वहीं कई मामलों में राजस्व की हानि कई अलग अलग अधिकारियों ने पहुंचाते रहे है. कई मामले ऐसे है, जिनमें करदाताओं से पैसा लेकर मैनुअल रसीद दी और निगम में पैसा ही जमा नहीं किया या इंट्री ही नही की गई.

मिलन समारोह में गूंजते रहे ठहाके कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

▶ संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में आयोजन

इंदौर. सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था सेवा सुरभि के तत्वाधान में बीती रात प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया.

प्रख्यात कवि डॉ. राजीव शर्मा एवं प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी ने इस मौके पर राष्ट्र भक्ति एवं अन्य व्यंग्य रचनाओं से खचाखच भरे सभागृह को करतल ध्वनि एवं ठहाकों के लिए पूरे समय बाध्य बनाएं रखा. प्रारंभ में संस्था के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत, समाजसेवी अशोक बडजात्या, अरविंद जायसवाल एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने दीप प्रज्वलन कर इस सुहानी शाम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु बिंदल, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, रमेश गुप्ता, अजीतसिंह नारंग, प्रो. राजीव झालानी, मुरलीधर धामानी, अशोक कोठारी,डॉ.रजनी भंडारी, ईश्वर बाहेती, प्रमोद डफरिया सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत अनिल गोयल, अनिल मंगल, अशोक मित्तल एवं दिलीप अग्रवाल ने किया. स्मृति चिन्ह मनोज जैन, विशाल डागरिया, अनुराग जैन ने भेंट किए. संचालन रंगगर्मी संजय पटेल ने किया.

उपमुख्यमंत्री ने खरीदे मिट्टी के दिए व पूजन सामग्री

▶ राजवाड़ा पर लोगों को स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

इंदौर. रविवार को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शहर के ह्रदय स्थल राजवाड़ा पहुंचकर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत देशी मिट्टी के दिए और पूजन सामग्री खरीदकर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जनता से स्वदेशी वस्तुएँ खरीदने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है, उनके इस संकल्प में सहभागी बनते हुए हमें अपने त्योहारों पर एवं दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का अपनाकर देश को आत्मनिर्भर भारत बनाना है. जब हम स्वदेशी वस्तुएँ खरीदेंगे तो अपने यहा की मिट्टी के प्रति प्रेम और समर्पण का भाव जाग्रत होगा. इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह सोलंकी, पार्षद रूपाली अरुण पेंढारकर, वार्ड संयोजक शिव पाल (पिंटू), सन्नी चौहान, सहित अनेक क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित थे.

वैभव को शिखर पर ले जाने का मार्ग

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प यह सिर्फ नारा नहीं है बल्कि भारत माता को पुन: परम वैभव के शिखर पर ले जाने का प्रशस्त मार्ग है. उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी वस्तुएँ बेचने का आग्रह करते हुए कहा कि इंदौर मध्य-प्रदेश की आर्थिक नगरी है, यहां से पूरे मालवा निमाड और प्रदेश में संदेश जाता है. इंदौर की जागरूक जनता भी स्वदेशी उत्पाद खरीदकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प में सहभागी बनेगी.

एक नजर में

▶ पर्यावरण नागरिक मंच की साधारण सभा में उठी मांग, जेल रोड पर स्थित है इमली का यह प्राचीन वृक्ष

सवा सौ साल पुराना इमली वृक्ष 'धरोहर वृक्ष' घोषित हो

इंदौर. पर्यावरण नागरिक मंच की साधारण सभा का आयोजन जेल रोड स्थितश्रम शिविर में किया गया. सभा का मुख्य उद्देश्य शहर में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को इस दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण जेल रोड स्थित लगभग 125 वर्ष पुराने इमली के वृक्ष को इंदौर की हरित धरोहर के रूप में चिन्हित करना रहा. इस अवसर पर शहर के अनेक पर्यावरण प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे.

कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में अभय जैन ने इंदौर में पर्यावरण आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार एमओजी लाइंस एवं मल्हार आश्रम विद्यालय जैसे जनआंदोलनों से लोग जुड़ते गए और यह एक मजबूत सामाजिक अभियान का रूप लेता गया. डॉ. ओपी जोशी ने आंकड़ों सहित बताया कि इंदौर अपनी हरियाली और बगीचों के लिए प्रसिद्ध था, परंतु अब स्थिति किस तरह चिंताजनक होती जा रही है. संदीप खानवलकर ने कहा कि आधुनिक शहरी जीवन में वृक्षों के प्रति लगाव घटने से समाज में पर्यावरणीय संवेदना भी कम हो रही है. डॉ. दिलीप वागेला ने बताया कि पेड़ों की पत्तियां वायु में उपस्थित 2.5 माइक्रोन कणों को अवशोषित कर प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करती हैं, इसलिए हर वृक्ष मानव स्वास्थ्य के लिए वरदान है.इस अवसर पर मुकेश वर्मा ने इंदौर शहर में पेड़ काटने वाले माफियाओं के विरुद्ध संघर्ष के उदाहरण साझा किए और नागरिकों से अपील की कि वे समूह में शिकायतें दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित करें. डॉ. राजेंद्र बाफना ने शासन द्वारा लगाए गए पेड़ों के भौतिक सत्यापन की मांग करते हुए इस दिशा में आंदोलन चलाने का आह्वान किया. राजेंद्र सिंह ने सीएम हेल्पलाइन एवं नगर निगम 311 एप पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्यामसुंदर यादव ने भविष्य में अधिक से अधिक नागरिकों को आंदोलन से जोडने और वृक्षों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया.

मंच ने बनाई आगे की यह कार्ययोजना

पर्यावरण नागरिक मंच की साधारण सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दीपावली के पश्चात शहरभर में जन-जागरूकता बढ़ाने एवं पेड़ों की सुरक्षा के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा. इस अवसर पर मौजूद सभी नागरिकों ने एकजुट होकर हरित इंदौर की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम का संचालन प्रणिता दीक्षित ने किया तथा आभार राहुल निहोरे ने माना. कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षक विजय दलाल, विवेक मेहता, विवेक अत्रे, डॉ. तेज प्रकाश व्यास, सैयद साजिद अली, शफी मोहम्मद शेख, प्रमोद नामदेव, स्वप्निल जोशी, डॉ. घनश्याम ठाकुर, हिमांशु मेहता, रुद्रपाल यादव, मनिंदर सिंह धर आदि भी उपस्थित थे.

अब मोरा पिया अब तो जाओ ना...

▶ पंचम निषाद संगीत संस्थान का सुरमयी स्वर प्रवाह समारोह संपन्न

इंदौर. पंचम निषाद संगीत संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. समिति के वीरेन्द्र गोयल, सुभाष माथुर, पद्मश्री भालू मोंढे, मिलिंद दिघे तथा संस्थान की निदेशिका शोभा चौधरी उपस्थित रहे.

संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा राग कालिंगड़ा में मध्य लय की बंदिश अब मोरा पिया अब तो जाओ ना की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ. तबला संगत में मुकेश रासगाया ने तबला और सुयश राजपूत ने हारमोनियम पर सुंदर संगति दी.

इसके पश्चात पुणे से पधारे सुप्रसिद्ध कलाकार डॉ. रवीन्द्र घांगुर्डे ने राग नटभैरव में विलंबित खयाल मोरी बात अब मान ले पियावा और मध्य लय में उसी राग की एक अन्य बंदिश प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया. तत्पश्चात राग सालगवराली तोड़ी में मध्य लय झपताल की रचना मान ले तू कर्म कीजिए कर्तार ने वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया.

इसके बाद डॉ. घांगुर्डे ने नाट्यगीत तेजो निधि लोह गोल और दादरा बिंदिया ले गई जैसी मधुर रचनाएँ प्रस्तुत कीं. समापन राग भैरवी की बंदिश बाट चलत चुनरी रंग डारी से हुआ, जिसने दर्शकों को गहरे भाव में डुबो दिया. संपूर्ण कार्यक्रम में सुर, लय और भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला. श्रोताओं ने कलाकारों की प्रस्तुतियों को सराहा. संचालन संजय पटेल ने किया. आभार शोभा चौधरी ने माना.